दृढ़ विश्वास की धारणी

प्रोफैसर (डॉ.) निष्ठा जसवाल

वाइस चांसलर, हिमाचल प्रदेश नैशनल लॉ यूनिवर्सिटी

शिक्षा के क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश नैशनल लॉ यूनिवर्सिटी, शिमला की वाइस चांसलर प्रोफैसर (डॉ.) निष्ठा जसवाल किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। डॉ.जसवाल ने शुरूआती शिक्षा के बाद बी.ए. की शिक्षा गोल्ड मैडल के साथ संपन्न की। इसके बाद उन्होंने बी.एल., एल.एल.बी., एल.एल.एम. की जबकि बाद में उन्होंने पीएच.डी. की पढ़ाई पूरी की। शिक्षा की रोशनी बांटने के साथ-साथ उन्होंने खोज कार्य भी किए जिनका लाभ आज भी अनेकों विद्यार्थी उठा रहे हैं। शिक्षा हासिल करते हुए वह हमेशा प्रथम स्थान हासिल करती रही जबकि बी.ए. के दौरान उन्होंने यूनिवर्सिटी में पहला स्थान हासिल किया। अध्यापक कार्य में उनका तुजुर्बा 32 वर्ष का है जबकि खोज कार्य को उन्होंने अपनी जिंदगी के 34 वर्ष दिए। वह कॉस्टीट्युशनल लॉ, एडमिनिस्ट्रेटिव लॉ, ह्युमन राइट्स एंड एन्वायरमैंटल लॉ के क्षेत्र में उन्हें मुहारत हासिल है। अब भी वह एल.एल.एम. व पीएच.डी. करने वाले विद्यार्थियों का पूरी लगन के साथ मार्गदर्शन कर रही है। उन्होंने अपनी जिंदगी में जो भी काम किया वह दृढ़ इरादे, मेहनत व पूर्ण विश्वास के साथ किया व वह उसमें पूर्णत्या सफल रहीं।

शीर्ष पदों पर रही तैनात

प्रोफैसर (डॉ.) निष्ठा जसवाल अपनी काबलियत व कार्यकुशलता के बल पर विभिन्न संस्थानों में शीर्ष पदों पर तैनात रही। पंजाबी यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ के लॉ विभाग की वह चेयरपर्सन रही जबकि इसी यूनिवर्सिटी में वह डीन स्टूडैंट वैल्फेयर के पद पर भी वह तैनात रही। यही नहीं डॉ.निष्ठा डीन यूनिवर्सिटी इंस्ट्रक्शन भी रहीं जो उप-कुलपति के बाद दूसरा बड़ा पद है। यही नहीं वह विभिन्न शीर्ष संस्थानों में सदस्य भी हैं जिनमें कमिश्न फॉर प्रोटैक्शन ऑफ चाइल्ड राइट्स, ट्रांसप्लांटेशन ऑफ ह्युमन आर्गेनज एक्ट-1994 के तहत बनाई स्टेट लैवल कमेटी, सीनियर सिटीजन होम की मैनेजमैंट कमेटी, नारी निकेतन चंडीगढ़ की एडवाइजरी कमेटी, स्टेट लीगल सर्विसस अथार्टी चंडीगढ़, बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय, सोनीपत की अकैडमिक कौंसिल, इंस्टीट्यूट ऑफ कोरैक्शनल एडमिनिस्ट्रेशन की एडवाइजरी कमेटी, चंडीगढ़ ज्यूडीशियल एकैडमी, कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के बोर्ड ऑफ स्टडीज, महाऋषि मार्कंडश्वर यूनिवर्सिटी मुलाना का बोर्ड, यूनिवर्सिटी ऑफ जम्मू की फैकल्टी ऑफ लॉ, पंजाब यूनिवर्सिटी का यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज, सैंटर फॉर वुमैन स्टडीज एंड डिवैल्पमैंट चंडीगढ़, आई.एम.एस. यूनीसर यूनिवर्सिटी देहरादून की कौंसिल, सैंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ पंजाब बठिंडा की फर्स्ट कौंसिल तथा अकैडमिक कौंसिल आदि शामिल हैं। इसके अलावा वह विभिन्न सिलैक्शन कमेटियों की भी सदस्य हैं। यही नहीं वह केंद्रीय योजना नैशनल लैंड रिकार्डस मॉडर्नाइजेशन प्रोग्राम-2012 के तहत बनी कमेटी की भी सदस्य हैं जबकि राजीव गांधी नैशनल यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ पटियाला की एक्युकेटिव कौंसिल व फाइनांस कमेटी की भी सदस्य रह चुकी हैं।

फैलोशिप, अवार्डस व स्कॉलरशिप

डॉ.निष्ठा जसवाल को उनकी काबलियत व मेहतन के चलते विभिन्न शीर्ष संस्थानों ने फैलोशिप, अवार्डस व स्कॉलरशिप से सम्मानित किया। ब्रिटिश अकैडमी ने उन्हें 1992 में विजिटिंग प्रोफैसरशिप प्रदान की। साथ ही उन्होंने स्कूल ऑफ ओरीएंटल व अफ्रीकन स्टडीज, यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन, लंदन में भी रिसर्च की। उन्हें यूनिवर्सिटी, स्टेट गवर्नमैंट व नैशनल मैरिट स्कॉलरशिप भी प्रदान किया गया। पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ की ओर से उन्हें मेहर चंद महाजन प्रोफैसर ऑफ लॉ अवार्ड से सम्मानित किया गया। यही नहीं एमिटी यूनिवर्सिटी नोयडा की ओर से उन्हें एमिटी अकैडमिक एक्सीलैंस अवार्ड-2019 के साथ सम्मातिन किया गया। इसके अलावा उन्हें डी.ए.वी. एजुकेशनल मैनेजिंग कमेटी की ओर से डी.ए.वी. संस्थान के शीर्ष अवार्ड वशिष्ठ सम्मान से नवाजा गया।

> "विश्वास की कश्ती पर सवार होकर अगर मेहनत के माझी द्वारा किस्मत का पतवार बेहतरीन ढंग से चलाया जाए तो इंसान मुश्किल से मुश्किल मंजिल को भी आसानी से पा सकता है।"

ताकत

बुलंद हौसला, कड़ी मेहनत व दृढ़ विश्वास।

प्रकाशन कार्य

6 पुस्तकें व 65 प्रकाशित पर्चे।